# आ गए तेरे दरबार शेरावालिए

करते तुम्हारी जय जयकार शेरावालिए,
आ गए तेरे दरबार शेरावालिए।।

पौड़ी-पौड़ी चढ़ मैया दर तेरे आए,
लाल तेरे चंदे, लाल चुनरी भी लाए।
कर ले तू चुनरी स्वीकार शेरावालिए...
आ गए तेरे दरबार शेरावालिए।।

ऊँचे-ऊँचे भवन मां, ऊँची तेरी शान है,
दर पे आए भक्तों का रखती तू मान है।
ज़िंदगी बना दे गुलज़ार शेरावालिए...
आ गए तेरे दरबार शेरावालिए।।

कहे जग सारा मैया, बड़ी तू दयाल है,
इंद्र भी चरणों में हो गया निहाल है।
साँवरे का कर दे बेड़ा पार शेरावालिए...
आ गए तेरे दरबार शेरावालिए।।

Inder kamboz Karnal
9896666332/9991615552

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34847/title/aa-gaye-tere-darwar-sherawaliye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |